INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT AUTHORITY

(A GOVT.OF BIHAR UNDERTAKING)

1st Floor, Udyog Bhawan, East Gandhi Maidan, Patna.

Email- md@idabihar.com Website-www.idabihar.com, Phone : 0612 - 2675933, 2675935, Fax- 2675934

नियुक्ति हेतु विज्ञापन – 10/Notice/IDA/25

आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार (आई0डी0ए0), बिहार सरकार का एक उपक्रम है। प्राधिकार का मुख्यालय पटना में अवस्थित है। आई0डी0ए0 बिहार राज्य के आधारभूत संरचना के विकास यथा सड़कों, भवनों, स्वास्थ्य, सिचाई, जल प्रबंधन हेतु संकल्पित है। आई0डी0ए0 जन निजी साझेदारी (पी0पी0पी0) हेतु राज्य सरकार की एक नोडल एजेंसी है।

आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार निम्नांकित पदों के लिए प्रतिनियुक्ति/संविदा पर आवेदन आमंत्रित करता है:–

Sl. No.	Name of the Post	Category wise no. of posts							Total no. of posts.	Remuneration per month ₹	Minimum Qualification
		UR	UR (F)	EWS	BC	EBC	SC	WBC			
1.	**Junior Engineer (Civil)**	02	01	01	01	02	02	01	10	₹ 25000 - 35000	Diploma in Engineering (Civil) with knowledge of computer operation & minimum 2 years of working experience.

❖ सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक संख्या – 962 दिनांक – 22.01.2021 द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के आलोक में दिव्यांगता से ग्रस्त उम्मीदवारों को क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत बधिर और श्रवण शक्ति में ह्रास दिव्यांगता को 01 पद अनुमान्य है।

सामान्य निर्देश :–

1. लिफाफे के ऊपरी हिस्से पर आवेदित पद का नाम एवं विज्ञापन संख्या स्पष्ट तौर पर लिखा होना चाहिए।
2. संविदा की अवधि अधिकतम 01 वर्ष की होगी जो बाद में बढ़ायी भी जा सकती है।
3. संविदा पारिश्रमिक सभी भत्ते (15 प्रतिशत मकान किराया भत्ता) सहित है।
4. सभी पद व्यवसाय निषेध (नन प्रैक्टिसिंग) है।
5. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम पदाधिकारी से निर्गत जाति प्रमाण पत्र की प्रति आवेदन के साथ देना अनिवार्य होगा। आरक्षण की सुविधा उन्हीं उम्मीदवारों को मिलेगी जिनका स्थायी निवास बिहार राज्य में है।
6. प्रतिनियुक्ति को छोड़कर उक्त पद के लिए दिनांक **17.03.2025** को अधिकतम आयु 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
7. आवेदन के पश्चात् Shortlisted Candidates का साक्षात्कार/लिखित परीक्षा ली जा सकती है।
8. **अनारक्षित (महिला) {UR (F)} के पद हेतु उम्मीदवार नहीं पाये जाने की स्थिति में पुरुष उम्मीदवार का चयन किया जा सकेगा।**
9. सुस्पष्ट आवेदन पत्र जिसका प्रारूप प्राधिकार के बेवसाईट लिंक (https://www.idabihar.com/application-form/) पर उपलब्ध है।
10. आवेदन पत्र, दो फोटोग्राफ, ई0–मेल ID, आयु/योग्यता/जाति/आवासीय/अनुभव प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति एवं रू0 **500/-(Five Hundred Rupees) का बैंक ड्राफ्ट** जो आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना (Infrastructure Development Authority, Patna) के नाम पर, पटना में देय हो, के साथ डाक (by post) द्वारा **आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना – 800 004** के पते पर **दिनांक 17.03.2024 को 5:00 बजे अपराह्न** तक पहुँच जाना चाहिए।
11. अनारक्षित/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं बिहार राज्य से बाहर के सभी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क ₹ 500 (पाँच सौ रूपये) देय है। बिहार राज्य के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरूष, राज्य के मूल निवासी एवं सभी वर्ग/कोटि की महिला अभ्यर्थियों एवं सभी वर्ग/कोटि के दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क ₹ 0 (निःशुल्क) है।
12. अपूर्ण आवेदन पत्र एवं वैसे आवेदन जिनमें आकड़े पूर्ण न हो अथवा आयु/योग्यता/जाति/आवासीय/अनुभव प्रमाण पत्रों की स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न न हो तथा अंतिम तिथि उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन तथा डिमाण्ड ड्राफ्ट संलग्न न हो तो वैसे आवेदन पत्र को प्राधिकार रद्द करने हेतु सक्षम है।
13. आई0डी0ए0 के पास किसी भी आवेदन को बिना कोई सूचना दिये रद्द् करने का अधिकार है। इस संबंध में प्रबन्ध निदेशक का निर्णय अन्तिम होगा।
14. किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायालय का अधिकार क्षेत्र पटना होगा।

निदेशक (प्रशासन)